कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा

जिला - दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Website: www.gmkgc.in Email: gmkgcdantewada@gmail.com Phone No. 07856252646 Code: 2503 NAAC: B

क्र. /257 / स्था. / 2026 — दन्तेवाड़ा, दिनांक: 07 / 01 / 2026

कम्प्यूटर ऑपरेटर पद के लिए आवेदन आमंत्रण हेतु विज्ञप्ति

शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.) में एन.एम.डी.सी.(सी.एस.आर.) परियोजना निधी के अन्तर्गत डाटा एण्ट्र ऑपरेटर के पद (एक पद) में नियुक्ति हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन **दिनांक 14.01.2026 को सायं 5:30 बजे तक** केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् चयन समिति के द्वारा पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध कर सूची महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी।

आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता –

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण

   अथवा

   पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की परीक्षा प्रथम वर्ष उत्तीर्ण

   अथवा

   कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।
2. डाटा एन्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण पत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा ।

नियुक्ति हेतु नियम व शर्ते –

1. निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् समिति के द्वारा पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध किया जावेगा।
2. पात्र अभ्यर्थियों हेतु दिनांक **16.01.2026** दिन शुक्रवार को समय **सुबह 11:30 बजे से कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार** का आयोजन किया जावेगा।
3. कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का, चयन समिति द्वारा साक्षात्कार लिया जावेगा एवं उक्त पद हेतु किसी एक अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा। समिति का निर्णय अंतिम होगा व किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा उसमें आपत्ति नहीं किया जा सकेगा।
4. यह पद पूर्णतः अस्थाई है एवं भविष्य में किसी भी कारण से कर्मचारी की सेवा बिना किसी सूचना के समाप्त किया जा सकती है।
5. यह सेवा भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं होगा।
6. इस पद का **मानदेय रु 8000 प्रति माह** दिया जावेगा एवं कर्मचारी के अनुपस्थिति या अवकाश के दिन मानदेय का भुगतान नहीं किया जावेगा।
7. स्थानीय अभ्यर्थियों (दन्तेवाड़ा के निवासी) को प्राथमिकता दी जावेगी।
8. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.) पिन– 494449 लिखें।
9. इस विज्ञापन के तहत चयनित कर्मचारी को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगे।

10. यदि कार्य अवधि में चयनित कर्मचारी के विरूद्ध किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगीं।

11. चयनित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा, कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है।

प्राचार्य
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय
दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Principal
Govt. Mahendra Karma Girls College Dantewada (South Bastar) C.G

पृ. क्रमांक/258/स्था./2026 दन्तेवाड़ा, दिनांक 07/01/2026

प्रतिलिपि –

1. कलेक्टर महोदय, जिला – दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को सादर सूचनार्थ।
2. जिला रोजगार अधिकारी, जिला – दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को सादर सूचनार्थ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला – दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को सादर सूचनार्थ।
4. नवगुरूकुल, जावंगा जिला – दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को सादर सूचनार्थ।
5. समन्वयक वेबसाइट समिति, शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)।
6. स्था./लेखा शाखा शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)।
7. सूचना पटल में प्रदर्शित करने हेतु।

प्राचार्य
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय
दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Principal
Govt. Mahendra Karma Girls College Dantewada (South Bastar) C.G